आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 20.12.2024 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दो दिन की यात्रा पर कुवैत जाएंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश की विशिष्ट छवि बनाने में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।
- आगरमालवा जिले के सुसनेर में 880 मेगावाट आगरमालवा-नीमच सौर परियोजना का लोकार्पण
- प्रदेश सरकार देगी 11 लाख रूपये सम्मान राशि का सम्राट विक्रमादित्य राष्ट्रीय पुरस्कार

अब समाचार विस्तार से:–

**प्रधानमंत्री कुवैत**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल अहमद अल-जाबिर अल सबा के निमंत्रण पर कल दो दिन की यात्रा पर कुवैत जाएंगे। इस दौरान वे कुवैत के शीर्ष नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श करेंगे। प्रधानमंत्री कुवैत में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत भी करेंगे। पिछले 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली कुवैत यात्रा होगी। प्रधानमंत्री ने हाल ही में इस वर्ष सितम्बर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र से इतर कुवैत के युवराज से मुलाकात की थी।

**दीक्षांत समारोह महू**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू में आयोजित 6वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारा संविधान प्रेरणादायक जीवंत दस्तावेज और स्वतंत्र भारत का आधुनिक धर्म ग्रंथ है, जिसका समर्पित भाव से पालन, हर भारतीय का परम कर्तव्य है।

राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों का दायित्व है कि संविधान का अपने आचरण, व्यवहार में समर्थन और संरक्षण करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बाबा साहेब अंबेडकर ने विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा दीक्षा ग्रहण करने को गौरव की बात बताते हुए अनुकरणीय बताया। दीक्षांत समारोह में संस्थान के 16 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।

**मुख्यमंत्री सिविल सर्विस मीट**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत जैसे विशाल और विविधताओं वाले देश की विश्व में विशिष्ट छवि बनाने में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री आज मध्यप्रदेश आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित सिविल सर्विस मीट-2024 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की निर्णयों के क्रियान्वयन में दक्षता प्रशंसनीय है।

कार्यक्रम में मुख्य सचिव अनुराग जैन, जी-20 इंडिया के शेरपा तथा नीति आयोग के पूर्व अध्यक्ष अमिताभ कांत, प्रशासन अकादमी के महानिदेशक जे.एन. कंसोटिया सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।

**विधानसभा स्थगित**

मध्य प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। इस सत्र के अंतिम दिन 28 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पेश किए गए थे, जिनमें लाडली बहना योजना, परिवहन, स्कूल शिक्षा, जल जीवन मिशन जैसे मुद्दों पर चर्चा होनी थी। लेकिन हंगामे के कारण यह चर्चा नहीं हो पाई।

**उज्जैन आईटी पार्क**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल उज्जैन आईटी पार्क का भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित होगा। उज्जैन आईटी पार्क लगभग 46 करोड़ रुपए की लागत से बनने जा रहा है। आईटी पार्क स्थापित होने से युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा। पार्क की इमारत महाकाल की अनन्त की अवधारणा पर डिजाइन की जाएगी और 5 चरणों में इसका निर्माण होगा।

**पीएम जनमन कॉलोनी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ ही समय में न केवल एक आदिवासी महिला की इच्छा पूरी कर दी बल्कि उसके जैसे कई अन्य परिवारों को भी आश्रय प्रदान कर दिया. दरअसल,प्रधानमंत्री ने 15 जनवरी को शिवपुरी जिले के हातोद ग्राम पंचायत में 2 सहरिया आदिवासी महिलाओ से संवाद किया था जिसमें ललिता आदिवासी ने प्रधानमंत्री से बूड़दा पंचायत में घर बनवाने की गुजारिश की थी. बूड़दा पंचायत के सहरिया आदिवासियों का यह सपना प्रधानमंत्री ने आज पूरा कर ही दिया !

शिवपुरी जिले के पोहरी ब्लॉक की प्रथम पीएम जनमन कॉलोनी बूड़दा पंचायत में बनकर तैयार हो गयी है जिसमे कुल 32 आवास है. ये आवास शहरों की तर्ज पर डुप्लेक्स जैसे बनाये गए है. आवास में नल और विद्युत कनेक्शन की सुविधा भी है!

ललिता आदिवासी का कहना है कि प्रधानमंत्री का धन्यवाद ,जिन्होंने हम गरीव सहरिया आदिवासियों के लिए इतनी सुन्दर आवास कॉलोनी बनवाई!

**सौर परियोजना लोकार्पण**

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आज आगरमालवा जिले के सुसनेर में 880 मेगावाट आगरमालवा-नीमच सौर परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए कहा कि प्रदेश आज सौर उर्जा उत्पादन बढ़कर 7000 मेगावाट तक पहुंच गया है. वही 2030 तक प्रदेश को जितनी बिजली चाहिये उसका आधा हिस्सा सौर उर्जा के माध्यम से पूरा होगा। उन्होंने कहा कि सबसे सस्ती बिजली आगरमालवा जिले से मिलेगी।

वहीं,इंदौर में अटल बिहारी वाजपेयी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने शहर में एक हजार करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन करते हुए कहा-आज इंदौर ग्लोबल सिटी हो गई है। उन्होंने कहा कि इंदौर किसी से कम नहीं है।

**विक्रमादित्य राष्ट्रीय सम्मान**

प्रदेश सरकार द्वारा सम्राट विक्रमादित्य राष्ट्रीय सम्मान दिया जायेगा। इसमें 11 लाख रूपये सम्मान राशि, प्रशस्ति पत्र और सम्मान पट्टिका प्रदान की जायेगी। इसके अलावा तीन श्रेणियों में सम्राट विक्रमादित्य शिखर सम्मान भी दिया जायेगा। जिसमें प्रत्येक व्यक्ति या संस्था को 2 लाख रूपये सम्मान राशि, प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान पट्टिका प्रदान की जायेगी। उल्लेखनीय है कि यह अलंकरण संस्कृति विभाग के अंतर्गत महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा स्थापित किया गया है।

**टीबी उन्मूलन अभियान**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2025 तक टीबी को समाप्त करने के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान जारी हैं। 100 दिवसीय नि:क्षय शिविर अभियान के तहत प्रदेश के 23 उच्च प्राथमिकता वाले जिलों में विभिन्न प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं। अभियान में टीबी संक्रमण में 80 प्रतिशत कमी लाने, मृत्यु दर में 90 फीसदी गिरावट और मरीजों के चिकित्सा व्यय को शून्य करने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये नि:क्षय मित्रों, स्वयं सेवकों और सामाजिक संगठनों को शामिल कर सघन प्रयास तेज़ हुए हैं। अभियान को लेकर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे।

समाचार संक्षेप में .....

- साहित्य अकादमी भोपाल द्वारा 2022 और 2023 के लिए प्रदेश के लेखक की प्रथम कृति के प्रकाशनार्थ श्रेष्ठ पाण्डुलिपियों की घोषणा कर दी है। प्रति पाण्डुलिपि बीस हजार रुपये की सहायता दी जाती है।
- इंदौर के प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर में आज से 4 दिवसीय रणजीत अष्टमी महोत्सव शुरू होगा।
- धार जिले में पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री पर कार्यवाही करते हुए अवैध फायर आर्म्स निर्माता व तस्कर गिरोह के तीन आरोपियों गिरफ्तार कर हथियार बरामद किये हैं.
- अशोकनगर में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत शासकीय नेहरू महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लर्निंग लायसेंस बनाने हेतु शिविर लगाया गया।
- बुरहानपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खकनार में गर्भवती माता एवं परिजन एवं ग्रामीणों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.
- देवास जिले में बाल मृत्यु में कमी लाने और जागरूकता के लिए 28 फरवरी तक सांस अभियान चलाया जा रहा है।
- शिवपुरी के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आइटीबीपी केंद्र पर कल स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।
- नीमच जिले में महिलाओं एवं बच्चों के साथ होने वाली लैगिक हिंसा एवं सायबर अपराधों की रोकथाम के लिए जिला पंचायत में कार्यशाला आयोजित की गई।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दो दिन की यात्रा पर कुवैत जाएंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश की विशिष्ट छवि बनाने में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।
- आगरमालवा जिले के सुसनेर में 880 मेगावाट आगरमालवा-नीमच सौर परियोजना का लोकार्पण
- प्रदेश सरकार देगी 11 लाख रूपये सम्मान राशि का सम्राट विक्रमादित्य राष्ट्रीय पुरस्कार

....................